भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5240 का उत्तर

रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्र

5240. श्री रंजीत सिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चिखिल स्थित रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्र को महाराष्ट्र के नासिक में स्थानांतरित कर दिया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या नासिक में स्थापित प्रशिक्षण केन्द्र चिखिल के केंद्र की तुलना में बड़ा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो किन कारणों से प्रशिक्षण केंद्र को स्थानांतरित किया गया है और उस अधिकारी/अधिकारियों का ब्यौरा क्या है जिसने/जिन्होंने उक्त प्रशिक्षण केंद्र को स्थानांतरित करने की अनुमति दी है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): जी हां। रेल सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्र, चिंकहिल को नासिक रोड, महाराष्ट्र में शिफ्ट कर दिया गया है। चिंकहिल प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण के लिए अनुकूल माहौल नहीं है और मौजूदा इमारतें जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं जहां बुनियादी सुविधाएं मौजूद नहीं हैं। चिंकहिल प्रशिक्षण केन्द्र में कोई पाठ्यक्रम नहीं होने के कारण इसका उपयोग नहीं हो रहा था, अतः यहां जनशक्ति व्यर्थ जा रही थी। इंजीनियरी विभाग द्वारा चिंकहिल प्रशिक्षण केन्द्र की अधिकांश

इमारतों को मानवीय आवास के लिए पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया गया था और इन इमारतों को खाली करने के लिए कहा गया था। चिंकहिल प्रशिक्षण केन्द्र का स्थान भी उपयुक्त नहीं था क्योंकि यह सभी सामाजिक गतिविधियों से लगभग कटा हुआ था। चिंकहिल में तैनात कर्मचारियों के आश्रित और परिवार शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे, जिसके कारण बदलाव अपरिहार्य हो गया। इसके अलावा, नासिक सिटी में आईआरईईएन महाराष्ट्र, महाराष्ट्र पुलिस अकादमी, आर्टिलरी प्रशिक्षण केन्द्र आदि जैसे अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों का लाभ भी उठाया जा सकता है। नासिक रोड के रेसुब प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आस-पास के इन प्रशिक्षण संस्थानों का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा जैसे उनकी फैकल्टी को गेस्ट लेक्चर्स के लिए आमंत्रित करना और उनसे प्रशिक्षण के नए तरीकों की जानकारी हासिल करना। नासिक रोड का प्रशिक्षण केन्द्र चिंकहिल प्रशिक्षण केन्द्र की अपेक्षा बड़ा है और रेसुब प्रशिक्षण केन्द्र की सभी आधारभूत आवश्यकताएं पूरी करता है। मध्य रेलवे को छोड़कर किसी अन्य रेलवे में एक ही जोन में दो प्रशिक्षण केन्द्र नहीं थे। एक ही क्षेत्रीय रेलवे में दो प्रशिक्षण केन्द्र परिचालित करना परिचालनिक दृष्टि से लाभप्रद नहीं था।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

******